Under CSR Support by Ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय - 6 | पत्र लेखन

## QUIZ-01

1. **पत्र लेखन का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?**

A. चित्र बनाना B. किसी से बातचीत करना

C. अपने विचारों या सूचनाओं को लिखकर भेजना

D. निबंध लिखना (C)

*व्याख्या :* पत्र लेखन का उद्देश्य किसी को लिखित रूप में जानकारी या भावना व्यक्त करना होता है।

2. **औपचारिक पत्र किसे लिखा जाता है?**

A. दोस्तों को B. माता-पिता को

C. सरकारी अधिकारी या संस्था को

D. भाई-बहन को (C)

*व्याख्या :* औपचारिक पत्र सरकारी अधिकारी, संस्था या शिक्षक को लिखा जाता है।

3. **अनौपचारिक पत्र किसके लिए लिखा जाता है?**

A. प्रधानाचार्य B. पुलिस अधिकारी

C. मित्र या परिवार के सदस्य D. बैंक प्रबंधक (C)

*व्याख्या :* अनौपचारिक पत्र मित्रों और रिश्तेदारों के लिए लिखे जाते हैं।

4. **पत्र की शुरुआत में कौन-सा भाग होता है?**

A. मुख्य विषय B. नाम

C. प्रेषक का पता और तिथि D. उपसंहार (C)

*व्याख्या :* पत्र की शुरुआत में प्रेषक का पता और तारीख लिखी जाती है।

5. **औपचारिक पत्र में अभिवादन कैसे किया जाता है?**

A. प्यारे दोस्त B. प्रिय मित्र

C. आदरणीय महोदय D. मम्मी (C)

*व्याख्या :* औपचारिक पत्र में "आदरणीय महोदय" जैसे औपचारिक संबोधन का प्रयोग होता है।

6. **पत्र का अंत किससे किया जाता है?**

A. नाम से B. तिथि से

C. विषय से D. उचित समापन पंक्ति से

(D)

*व्याख्या :* पत्र अंत में "आपका आज्ञाकारी शिष्य" या "आपका मित्र" जैसे वाक्य के साथ समाप्त होता है।

7. **औपचारिक पत्र में भाषा कैसी होनी चाहिए?**

A. हँसी-मज़ाक भरी B. अत्यधिक भावुक

C. सरल, स्पष्ट और शिष्ट D. बोलचाल की भाषा (C)

*व्याख्या :* औपचारिक पत्र में भाषा शिष्ट, सम्मानजनक और स्पष्ट होनी चाहिए।

8. **'पत्र' कितने प्रकार के होते हैं मुख्यत: ?**

A. एक B. दो

C. चार D. पाँच (B)

*व्याख्या :* पत्र मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं — औपचारिक और अनौपचारिक।

9. **अनौपचारिक पत्र किस भाषा-शैली में लिखा जाता है?**

A. आधिकारिक भाषा

B. भावनात्मक और आत्मीय भाषा

C. व्यावसायिक भाषा D. जटिल शब्दों में (B)

*व्याख्या :* अनौपचारिक पत्रों में अपनापन और आत्मीयता होती है, इसलिए इनकी भाषा भावनात्मक होती है।

10. **पत्र में विषय किस प्रकार लिखा जाता है?**

A. बीच में B. अंत में

C. पत्र शुरु होने से पहले, केंद्र में D. बाईं ओर तिथि के नीचे

(D)

*व्याख्या :* पत्र में विषय तिथि के नीचे बाईं ओर लिखा जाता है, विशेषकर औपचारिक पत्र में।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App